एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री की हत्या

चूरू, (कासं.)। सदर थाना क्षेत्र में रात्रि को पार्टी करके घर जा रहे एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री की थार गाड़ी में सवार होकर आए आधा दर्जन बदमाशों ने सरियों व डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार प्रेमचंद प्रजापत वार्ड नम्बर 46 चूरू ने रिपोर्ट दी कि उसका भतिजा नरेन्द्र प्रजापत (28) डाबला गांव में अर्जुनसिंह की दुकान पर साथियों के साथ पार्टी करके रात को 12 बजे अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर घर आ रहा था। उसी समय थार गाड़ी में सवार होकर आए अमित ने आगे से उसके सिर पर वार किया। शुभम ने पीछे से वार किया। इससे वह नीचे गिर गया। नरेन्द्र के साथी अमजद खान ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की। अमित मितला निवासी बूटिया, शुभम ढाका निवासी बास ढाकान सहित थार में आए आधा दर्जन बदमाशों ने डंडों व सरियों से पीटकर नरेन्द्र की हत्या कर दी। पार्टी करके कार में आ रहे नरेन्द्र के साथी सत्येन्द्र पीपी, चन्द्रभान शर्मा, विकास जांगिड़ आदि आए तो बदमाश थार में सवार होकर भाग गए। नरेन्द्र को अस्पताल में लाया गया, वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या के समय काम में ली गई थार गाड़ी को जप्त कर लिया है। गाड़ी के किराए को लेकर कोई रंजिश बताई जा रही है। पुलिस मामले में एसआई बलवंतसिंह अनुसंधान कर रहे हैं।

प्राकृतिक न्याय सिद्धांत और कॉमन सेंस करेगा समुचित न्याय : राठौड़

- जिले के नव चयनित न्यायिक अधिकारियों को किया सम्मानित

चूरू, (कासं.)। राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि न्यायिक सेवा एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है। जहां प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति न्याय की उम्मीद में जाता है। न्यायिक मजिस्ट्रेट कॉमन सेंस और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत में रहकर समुचित न्याय कर सकता है। राठौड़ यहां आयोजित नव चयनित न्यायिक अधिकारियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राठौड़ ने कहा कि देश में न्याय व्यवस्था की एक साख है। नए चयनित युवा भी इस सेवा में जाकर ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेंगे और इस साख को बढ़ाएंगे। उन्होंने विधि एवं न्याय के क्षेत्र में योगदान के लिए लोहिया कॉलेज में प्रोफेसर रहे दिवंगत महावीर सिंह यादव गुरुजी का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि गुरुजी व्यक्तित्व से अखंड़ साधु और कृतित्व से प्रखर शिक्षक थे। आरजेएस चंद्रशेखर पारीक ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने चंद्रशेखर पारीक को चलता-फिरता विश्वविद्यालय बताते हुए कहा कि विधि एवं न्यायिक सेवाओं के क्षेत्र में विधि सत्संग निरंतर बेहतरीन काम कर रहा है। विधायक हरलाल सहारण ने नव चयनित न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे प्रत्येक पीड़ित को न्याय देने के लिए काम करें और अपने धरातल को नहीं भूलें। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने चूरू जिले से बड़ी संख्या में आरजेएस चयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी जगह पर ऐसी जागरूकता और ऐसा वातावरण तैयार करना अपने आप में एक बड़ी बात है। आरजेएस चंद्रशेखर पारीक ने गुरुजी का स्मरण करते हुए विधि सत्संग संचालन की पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। कार्यक्रम में एसपी जय यादव, भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. वासुदेव चावला, लोक अभियोजक रोशन सिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया। कार्यक्रम में अदिति फगेड़िया, आकांक्षा सैनी, वेदांत शर्मा, सौरभ बंसल, पूनम अग्रवाल, आरजेएस नेहा कुमावत, आरजेएस जया सैनी, डीएलआर धर्मपाल शर्मा, आरजेएस चंद्रशेखर पारीक, एसएलओ महेंद्र सैनी, डीएलआरए शुभकरण, आरजेएस अविनाश चांगल, आरजेएस नारायण प्रजापत, आरजेएस हुक्मीचंद गहनोलिया, महिमा दुग्गड़, मोहित स्वामी, आरजेएस उषा, आरजेएस हिमांशु कुमावत, अभियोजन अधिकारी घनश्याम सोनी, विधि अधिकारी प्रियंका स्वामी, विधि अधिकारी रामकिशन, विधि अधिकारी दिलीप दीक्षित, विधि अधिकारी पोषिता, विधि अधिकारी अयूब खान, विधि अधिकारी बलबीर सैनी, विधि अधिकारी महेंद्र सैनी का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में एपीपी राजेश माटोलिया, एसएलओ महेंद्र सैनी, बसंत शर्मा, विमला गढ़वाल, पदमसिंह राठौड़, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, गोपाल बालान, चंद्रप्रकाश शर्मा, सुनील ढ़ाका, देवकिशन सैनी, रामेश्वर रामसरा, अभिषेक टावरी, डीएलआर शुभकरण, भंवर सिंह सामौर, ओम फगेड़िया, कल्पना फगेड़िया, मानसिंह सामौर, गीता सामौर, आरती सामौर, सत्येंद्र शर्मा, संतोष चांगल, ताराचंद महनसरिया, मुरारीलाल शर्मा आदि मौजूद थे।

चूरू में हुआ नव चयनित न्यायिक अधिकारियों का सम्मान।

सार-समाचार

1100 दीपकों से मनाई दिवाली

चूरू, (कासं.)। सवाई सागर बालाजी धाम में संतनाथ महाराज की प्रेरणा स्वरूप दीपकों के पर्व दीपावली पर 1100 दीपकों से सजावट की गई। धाम के पुजारी महेंद्र सारस्वत, सोनू औझा, नीरज सारस्वत, अटल सारस्वत, लक्की अग्रवाल, गोरख जांगिड़, लालजी भगत, आत्माराम, सुमेर जांगिड़, पृथ्वीराज, राजकुमार, गुड्डू सैनी, गणेश दास, शशि सैनी, उषा सारस्वत सहित अनेक लोगों ने दीपदान किया।

झोंपड़ी के बच्चों के साथ मनाई

चूरू, 2 नवम्बर (कासं.)। सामाजिक संस्था लायंस क्लब ने झुग्गी-झोंपड़ी के बच्चों के साथ दीपावली मनायी। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ अनुराग शर्मा ने बताया कि समाज की मुख्य धारा से अलग रहने वाले बच्चों को दिवाली के अवसर पर मिठाई व कपड़े वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव लायन डॉ. कमल वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष आबिद खान, रीजन पीआरओ ओमप्रकाश बैरवा, संजय मित्तल सहित आपणी पाठशाला के शिक्षक भी मौजूद थे।

दीपावली की शुभकामनाएं

झुंझुनूं, भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया ने उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के सी स्कीम सिविल लाइंस जयपुर आवास पर दीपावली की शुभकामनाएं दी। बसावतिया ने डॉ. बैरवा का दुपट्टा ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। इसके साथ ही झुंझुनूं विधानसभा के उप चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। झुंझुनूं उप चुनाव को लेकर बसावतिया ने उनको पूर्ण विश्वास के साथ कहा कि झुंझुनूं की जनता भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू को भारी मतों से विजयी बनाकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को तोहफा देने का मानस बना लिया है। झुंझुनूं के विकास को लेकर भजनलाल शर्मा की कल्याणकारी योजनाओं पर झुंझुनूं का आवाम मोहर लगाकर कमल खिलाएगा।

अन्नकूट महोत्सव मनाया

झुंझुनूं, श्री राणी सती रोड स्थित श्याम मंदिर में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। दोपहर सवा बारह बजे आरती के बाद अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया। मंदिर ट्रस्टी विनोद सिंघानिया ने बताया कि महोत्सव में 21 व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर भरत तुलस्यान, कपिल गाडिया, दिनेश अठावाल, संजय शर्मा, नवल किशोर खंडेडेलिया, मनीष अठावाल, मुरारी सैनी, संजय पारीक, गिरधारी शर्मा, राजेश गुप्ता, हरीश तुलस्यान, रितेश सिंघानिया, सुरेंद्र केडिया, गणेश चिड़ावावाला, कैलाश शर्मा, लक्ष्मीकांत जांगिड़, दलीप हंसासरिया, दीपक टीबड़ा आदि मौजूद थे।

बंद नोहरे में लगी आग

चिड़ावा। शहर में दीपावली की रात को जहां जमकर आतिशबाजी हुई, तो वहीं अल सुबह तक पटाखों की आवाज गूंजती रही। वहीं शहर के वार्ड नंबर 27 में बंद पड़े नोहरे के अंदर पटाखा पहुंचने पर चिंगारी सुलग गई। छोटी सी चिंगारी ने विकराल आग का रूप ले लिया। आग लगी देखकर मोहल्ले वालों ने नगरपालिका में सूचना दी। जानकारी के अनुसार रॉकेट के आने से आग लग गई । आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया गया। फायर ब्रिगेड पायलट दयाराम और अनिल ने आग पर करीब पौन घंटे में काबू पाया। इस दौरान मोहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए। हालांकि आग पर समय रहते काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया। वरना आसपास के घरों को भी नुकसान हो सकता था।

सफाई कर्मचारियों को दिया उपहार

झुंझुनूं, कोलसिया, कोलसिया ठाम पंचायत की ओर से सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। दीपावली पर गांव के मुख्य चौक, जिसे गुवाड़ भी कहा जाता है। सफाई कर्मचारियों को भामाशाह हेमंत दूत, सरपंच कांतादेवी, महेश पारीक व समाजसेवी विकास दूत ने आपसी सहयोग से तीन अलमारी, एक फ्रीज, एक बक्सा, चार कुर्सी व साड़ी व मिठाई के डिब्बे वितरित किए। सम्मान पाकर सफाई कर्मचारियों ने गांव की सफाई व्यवस्था में और सुधार करने का भरोसा दिया। इस दौरान गौशाला के कर्मचारी का भी सम्मान किया गया और उसको एक बक्सा भेंट किया।

झुंझुनूं शहर में भी तूफानी दौरे जारी

झुंझुनूं, भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने अपने प्रचार अभियान के तहत वार्ड 15 रीको फेज द्वितीय में आयोजित चुनावी सभा मे उपस्थित होकर मत और समर्थन की अपील की। इस अवसर पर मंच पर पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, कुलोद कलां ठामीण मंडल अध्यक्ष सतीश खीचड़, शहर अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, सरपंच राकेश मोटसरा, ओमप्रकाश मील, करणीराम बेनीवाल, भरत बेनीवाल, महेंद्र चंदवा, पूर्व पार्षद लीलाधर जाखड़,प्रदीप पाटोदिया, महेश जीनगर, राजेंद्र ठेकेदार उपस्थित थे। इसी तरह पारिजात पार्क इंदिरा नगर में वार्ड 8, 9 व 10 में आयोजित चुनावी सभा में उपस्थित होकर मत और समर्थन की अपील की। यहां पर प्रमोद खंडेलिया, बुधराम सैनी, इशाक, कुलदीप पूनियां, प्रमोद बुडानिया आदि मौजूद थे।

दीपावली स्नेहमिलन का आयोजन

नवलगढ़,। जाखल में विधायक विक्रमसिंह जाखल के नेतृत्व में शुक्रवार को दीपावली स्नेहमिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे सैंकड़ों लोगों ने विधायक व आपस में एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी और मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस दौरान विधायक ने जन सुनवाई भी की। नवलगढ़ सरपंच फोरम अध्यक्ष भंवरसिंह धींवा, सोटवारा सरपंच प्रतिनिधि राहुल चौधरी, घोड़ीवारा सरपंच रघुवीरसिंह झूरिया, देवीपुरा सरपंच प्रतिनिधि रजनीश पूनियां, दिनेश पटवारी, मनोहरसिंह जाखल, किसान नेता सुभाष बुगालिया, जीतू ठेकेदार सहित सैंकड़ों लोगों ने विधायक विक्रमसिंह जाखल को व्यक्तिगत व आमजन की समस्याओं से जुड़े शिकायत पत्र दिए।

भार्गव बस्ती में दीवावली पर असामाजिक तत्वों ने रातभर उत्पात मचाया

- मुख्यालय पर स्थित भार्गव बस्ती में दीवावली पर असामाजिक तत्वों ने रातभर उत्पात मचाया

चूरू, (कासं.)। इससे आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार नगरपरिषद क्षेत्र चूरू के वार्ड नम्बर 48 में दीपावली की रात को आवारा प्रवृति के लोगों ने शराब पीकर जमकर हंगामा किया। वे शराब के नशे में पूरी रात जुआ-सट्टा खेलते रहे और तेज आवाज के पटाखे बजाते रहे। यहां शराबियों व जुआरियों के बीच ऊंची आवाज में गालियां देने की होड़ लगी रही। पुलिस भी कम नहीं दिखी। पुलिस की गाड़ी सायरन बजाते हुए आती रही। इस दौरान सायरन की आवाज सुनकर जुआरी व शराबी दुबककर बैठ जाते। सायरन की आवाज बंद होते ही पुनः वही खेल शुरू कर देते। इस कारण बस्ती के लोगों में दहशत का माहौल रहा। लोगों ने कहा कि ऐसा लग रहा था मानो पुलिस की ओर से शराबियों व जुआरियों को सचेत करने के लिए सायरन बजाया जा रहा हो। यहां जिला प्रशासन की ओर से पटाखे बजाने के लिए दिए गए निर्देशों की खुलेआम अवहेलना हुई। साथ ही शराब की बिक्री रात को भी जारी रही। जुआ और सट्टे का तो कहना ही क्या है। कुल मिलाकर कहने को कुछ भी कहो चाहे लेकिन यहां प्रशासन की सतर्कता की पोल खुलकर सामने आ गई, जो कि कानून व्यवस्था पर कई सवाल भी खड़े कर रही है।

तीन बेटियों की विधवा मां को सास ने मारपीट कर घर से निकाला

- एसपी से लगाई मुकदमा दर्ज करने की गुहार
- 'रतनगढ़ नगरपालिका के पूर्व चैयरमैन शिवभगवान कम्मा के दवाब में आकर पुलिस ले रही है सास का पक्ष'

चूरू, (कासं.)। तीन बेटियों की विधवा मां ने जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अपनी सास व अन्य के खिलाफ मारपीट करके घर से निकाल देने का मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। पीड़िता ने अपनी सास पर उसके पति को आत्म हत्या करने पर मजबूर करने का आरोप लगाया है।

रतनगढ़ निवासिनी निर्मला सैनी ने लिखा है कि उसकी शादी खींवराज के साथ हुई थी। शादी के बाद ही सास लक्ष्मी देवी व जेठ विनोद कुमार ने कम दहेज देने के ताने देते आ रहे हैं। वह परिवार की इज्जत बचाने के लिए अत्याचार सहन करती रही। उसके तीन पुत्रियां हैं। बड़ी की उम्र 18 साल है। निर्मला देवी ने बताया कि उसके ससुर के दो मकान हैं, जिनमें एक पुराने समय का है तथा दूसरा उसके पति व ससुर की स्व अर्जित आय व पुश्तैनी खेत बेच कर बनाया था। दस वर्ष पूर्व उसके ससुर ने मौखिक रूप से संपत्ति का बंटवारा करते हुए पुराना घर उसके पति व नया मकान जेठ विनोद कुमार को दे दिया था। ज्ञापन में बताया कि उसका पति टेम्पों चलता था और वर्ष 2022 में साउदी गया था। उसका पति 21 जून 2024 को विदेश से आ गया। उसके पति ने उसकी सास को कई बार लिखित में बंटवारा करके पुराना घर मेरे नाम करने को कहा, जिस पर सास ने झगड़ा करना शुरू कर दिया। इस कारण उसके पति ने गत 1 सितंबर को मजबूरन आत्महत्या कर ली। पति की मृत्यु के पश्चात उसकी सास दोनों पुत्रियों की सगाई छोड़ने और सास के भांजे बुलाराम के साले के लड़कों से सगाई करने का दबाव बनाने लगी। सास दोहिते भरत व पोते हरिओम को बदले में लड़की दिलवा रही है। निर्मला देवी ने अपने पति द्वारा की गई दो पुत्रियों की सगाई तोड़ने से साफ मना कर दिया। ज्ञापन में निर्मला देवी ने बताया कि पुलिस ने भी बुलाकार समझौता करवाया व समझौता बिना पढाए हस्ताक्षर करवा लिया। निर्मला ने बताया कि रतनगढ़ थाने में तो नगरपालिका के पूर्व चैयरमैन शिवभगवान कम्मा अपने राजनैतिक प्रभाव के कारण आरोपी सास के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने दे रहे हैं। उसे व पुत्रियों को दर-दर की ठोकर खाने पर मजबूर कर दिया है।

उप चुनावों के मतदान से पहले कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

- एक कांठोस व तीन निर्दलीय पंचायत समिति सदस्य भाजपा में शामिल हुए

झुंझुनूं, झुंझुनूं में चल रहे उप चुनावों के दौरान उस समय कांठोस को बड़ा झटका लगा। जब चिड़ावा पंचायत समिति की तीन महिला सदस्य व एक कांठोस का पंचायत समिति सदस्य भाजपा में शामिल हो गए। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीतकर पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित होने वाली सुमन चनाना, पिंकी भुकाना तथा अंजू देवी सुलताना के साथ कांठोस के विजय गोवला को भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने भाजपा ज्वाइन करवाई। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने बताया कि तीनों ही महिला सदस्य कांठोस के संपर्क में थी। वहीं विजय गोवला कांठोस की टिकट पर पंचायत समिति सदस्य था। सभी ने क्षेत्र के विकास को आगे बढाने तथा वंशवाद की राजनीति को खत्म करने के लिए भाजपा के साथ आने का फैसला लिया है। इससे पहले भांबू ने सुलताना में अपने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिंह शेखावत, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां व भाजयुमो जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद थे। कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद भांबू ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ सुलताना के बाजार में दुकान-दुकान जाकर लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं दी और अपने लिए वोट मांगें। इस दौरान एक दुकान पर भांबू ने जलेबी भी बनाई। भांबू ने कहा कि जिस तरह हरियाणा के लोगों ने वंशवाद और झूठ को करारा जवाब देते हुए कांठोस को भगाया है। वहीं इस बार झुंझुनूं में भी वंशवाद और झूठ का खात्मा होगा। जीत पर कार्यकर्ता जलेबी बांटेंगे। इस दौरान भांबू ने सुलताना के प्रसिद्ध गोपीनाथजी मंदिर और सुलताना के संस्थापक हाथीसिंह की प्रतिमा स्थल पर जाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राजेश बाबल, चेयरमैन घासीराम चांवरिया, सुलताना भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुसिंह, सुनिल सिंह शेखावत, गजेंद्र शेखावत, पृथ्वीसिंह,किठाना सरपंच हरेंद्र धनखड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनिल लाम्बा,रामसिंह नेहरा, सोमवीर लाम्बा, राजेश डारा,लालपुर के पूर्व सरपंच गिरधारीलाल स्वामी, गोवला सरपंच महिपाल आदि भी मौजूद थे।

सर्दी में मिल सकेंगे अच्छी क्वालटी के गर्म कपड़े

झुंझुनूं, सर्दी की दस्तक के साथ ही बाजारों में गर्म कपड़ों की सेल शुरू हो गई है। शुक्रवार को एक और दो नंबर के बीच स्थित कबाड़ी मार्केट के पास, प्रभात सिनेमा के सामने ल्हासा शरणार्थी मार्केट का उदघाटन हुआ। सभापति नगमा बानो ने फीटा काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मार्केट में आमजन को अच्छी क्वालिटी की गर्म कपड़े उपलब्ध हो सकेंगे। मार्केट प्रभारी थुपतेन नोगडुवा ने बताया कि मार्केट में सर्दी के लिए अच्छी क्वालिटी के कपड़े उपलब्ध है। मार्केट में ऊनी स्वेटर, जैकेट एवं शॉल सहित लेडीज और जेंट्स के विभिन्न प्रकार की वैरायटी उपलब्ध है। इस दौरान कुंगा छोनडोम, छेरिंग, ग्यालदेन, दावा, सोनम छेरिंग, तेनजिंग, छीमी, फुश्बु डोलमा, कुंगा नोरजोम, ल्हकी, मोहम्मद रफीक सहित शहर के गणमान्य जन मौजूद रहे।

विवेकानन्द मित्र परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

चिड़ावा। शहर की हृदयस्थली विवेकानन्द चौक में तिरंगा स्थल के पास दीपावली की रात्रि को कुछ उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाया और खूब पटाखे फोड़ते हुए चारों तरफ गंदगी ही गंदगी कर दी। जबकि विवेकानंद चौक में प्रतिदिन राष्ट्र ध्वज फहराया जाता है। इसके चलते यहां पर आतिशबाज़ी प्रतिबंधित है। लेकिन फिर भी कुछ उपद्रवियों ने जमकर रात्रि को पटाखे फोड़े और शराब के नशे में देर रात तक उत्पात मचाया। मिली जानकारी के अनुसार दो ठ्ठाप ने आपस में होड़ लगाते हुए खतरनाक पटाखे फोड़े। जिससे देर रात्रि तक जहां आसपास के लोगों का सोना हराम हो गया तो वहीं पटाखों की खतरनाक गंध से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। रात्रि में गश्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान एक पटाखा पुलिस की गाड़ी को जा लगा। गनीमत ये रही कि उससे कोई नुकसान नहीं हुआ। पुलिस कर्मियों सभी उपद्रवियों को मौके से खदेड़ा। तब जाकर शांति मिली। सुबह विवेकानंद मित्र परिषद के कार्यकर्ताओं ने परिषद संरक्षक संजय दाधीच के नेतृत्व में सफाई अभियान छेड़ा। दो घंटे से भी अधिक समय तक चले इस स्वच्छता अभियान के दौरान करीब एक क्विंटल से भी ज्यादा कचरा एकत्र किया गया और पूरे चौक को स्वच्छ किया गया। इस दौरान परिषद संरक्षक रोहिताश्व महला, ओमप्रकाश मंड्रेलिया, बजरंग लाल मोदी, मनोज मान, महेश शर्मा धन्ना, हबीब खान, अमर सिंह कोकचा, संजय स्वामी, सांवरमल जांगिड़, सुभाष खंडेलिया, उमाकांत डालमिया, मनोज जसरापुरिया, सुरेश डालमिया, रामू सोनी सहित मौजूद अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान में सहयोग दिया। परिषद ने शहर के सभी लोगों ने निवेदन किया है कि विवेकानंद चौक में गंदगी ना फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

झुंझुनूं,। खेमी सती रोड स्थित मुनि आश्रम के पास ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष पवन देरवाला की अध्यक्षता में आगामी सात नवंबर गुरुवार को शाम 4 बजे सामूहिक संगीतमय परशुराम चालीसा व हनुमान चालीसा का पाठ खेमी रोड स्थित जमन वाटिका में करना निश्चित किया गया। कार्यक्रम में जयपुर हवा महल के विधायक बालमुकुंद आचार्य के सानिध्य में व मुख्य अतिथि सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच होंगे। पाठ का वचन सप्त ऋषि मंडल एवं पं. मणिशंकर सहल द्वारा किया जाएगा। जल्दी कमेटी बनाकर समाज के लोगों से जनसंपर्क किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमिया, शिवचरण पुरोहित, प्रदीप शर्मा अलसीसर, रामगोपाल महमिया, ललित जोशी, वशिष्ठ शर्मा, विपुल छक्कड़, राकेश सहल, एडवोकेट नीरज शर्मा, विजयशंकर जोशी, पार्षद संजय पारीक, एडवोके पंकज बावलिया, एडवोकेट अनुपम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश पुरोहित, मुकेश शर्मा, पं. मुकेश महमिया, पं. हरिकिशन शुक्ला, नवल, विशाल, अनिल, आदि उपस्थित थे।

दीपोत्सव की चमक : संघ कार्यालय, विवेकानंद चौक में सामूहिक कार्यक्रम

चिड़ावा। दीपोत्सव का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बाजार में दुकानदारों ने कई जगह अच्छी सजावट भी करवाई। वहीं शहर के विवेकानन्द चौक में श्री विवेकानंद मित्र परिषद के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा स्थल के पास विवेकानंद सर्किल पर स्वामी विवेकानंद की मूर्ति स्थल पर दीप प्रज्वलित कर दिवाली का त्यौहार मनाया। इस दौरान परिषद रोहिताश्व महला, मनोज मान, महेश शर्मा धन्ना, बैजनाथ मोदी, अमर सिंह कोकचा, संजय दाधीच, हबीब खान, पवन टेलर, ग्यारसी लाल कुमावत, प्रकाश पारीक, उमाकांत डालमिया, रमेश कोतवाल, सुरेश डालमिया, संदीप फतेहपुरिया, ओमप्रकाश - सुनील - मयंक मंड्रेलिया, मनोज जसरापुरिया, वीरेंद्र शर्मा, शिवकुमार, सुभाष, राजहंस, आदि ने दीप प्रज्वलित कर मां लक्ष्मी से सुख समृद्धि और क्षेत्र में शांति की कामना की। इधर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय में भी दीपोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संघ प्रचारक और संघ स्वयं सेवकों ने माता लक्ष्मी और गणेश जी के साथ ही घोष वाद्यों का पूजन किया। इस दौरान स्वयं सेवकों ने सुंदर रंगोली भी सजाई। वहीं मुख्य बाजार, पुरानी तहसील रोड, कबूतर खाना, खेतड़ी रोड, पिलानी रोड, नया बस स्टैंड, अड़ावतिया कॉलोनी, पुरानी बस्ती सहित शहर भर में व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों में लोगों ने धूमधाम से लक्ष्मी पूजन किया और अदभुत सजावट कर माता महालक्ष्मी के स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए।

सभापति पायल सैनी ने बाजार में की दीवाली की रामा-श्यामा

चूरू, (कासं.)। नगर परिषद सभापति पायल सैनी ने कांग्रेस जनों व पार्षदों की टीम के साथ व्यापारियों व आम जन से दीपावली की रामा-श्यामा की। सभापति का यह कारवां सुभाष चौक से शुरू हुआ जो मौजासिया चौक तक चला। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व आपसी भाईचारा व सुख समृद्धि का प्रतीक है। पायल सैनी ने कहा कि छोटी काशी के नाम से मशहूर इस चूरू की यह परंपरा रही है कि यहां के लोग चाहे ईद हो या दीपावली, मोहर्रम हो या होली सभी जाति एवं धर्म के लोग आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए त्यौहार मनाते हैं। यह सनातन परंपरा आदिकाल से चली आ रही है और आज भी जारी है। इस पर्व पर वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, विद्याधर मेघवाल, एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति, कमला कस्वां, नारायण बालान, असलम खोकर, शंकर डाबला, रामेश्वर नायक, आनंद बालान, लालचंद सैनी, तौफीक खान, मनीष कुमावत, बाली बाई, संजय भाटी, सोनु, शाहरुख खान, अली मोहम्मद, गोकुल शर्मा, भुरामल भाटिया, नानक डूडी, शकूर शेख, इस्माइल भाटी, रामचंद्र सुंडा, अनिस खां, शमीउल्लाह, डूंगर सिंह ऊंटवालिया, महावीर सिंह झाझड़िया, नानू राठी, शिव शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

नागर परिषद सभापति पायल सैनी ने कांग्रेस जनों व पार्षदों की टीम के साथ व्यापारियों व आम जन से दीपावली की रामा-श्यामा की।

कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर
सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड़, सीकर - 332001
ई-मेल uit.sikar@rajasthan.gov.in, फोन नं. 01572-245057
क्रमांकः-न.वि.न्या/नियमन/2024/00623 दिनांकः-28.10.2024

लोक सूचना/आपत्ति विज्ञप्ति

नगर विकास न्यास सीकर में आवेदक जगदीश प्रसाद पुत्र मुरलीधर जाति बलाई निवासी सूर्य नगर, वार्ड नं. 40 पिपराली सीकर राजस्व ग्राम देवगढ़ के खसरा नंबर 721/417 रकबा 2700.00 वर्गमीटर भूमि का फार्म हाउस योजना प्रयोजनार्थ ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि मास्टर प्लान 2031 में परिधि नियंत्रण पट्टी में स्थित है, जो कि परिधी नियंत्रण पट्टी में अनुज्ञेय है।

टाउनशिप पॉलिसी 2010 के प्रावधान 5.01(ई)(बी)/प्रावधान 3(iii) के बिन्दु संख्या 3 अनुसार इस क्षेत्र में जोनल प्लान प्रभावी नहीं होने के कारण देवगढ़ खसरा नंबर 422 से गजराज स्कूल मोड़ होते हुए मालियों की ढाणी खेल मैदान टी-पाइंट तक एवं देवगढ़ खसरा नंबर 422 से गजराज स्कूल मोड़ होते हुए सरकारी ट्यूबवैल तक (खसरा नंबर 443 तक) ग्रामीण सड़क/ का मार्गाधिकार 18 मीटर किया जाना प्रस्तावित किया गया है। जिसका समायोजन मास्टर/जोनल प्लान बनाते समय नगर विकास न्यास सीकर द्वारा कर लिया जाएगा। इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त के संबंध में आपत्ति/आक्षेप इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन के भीतर-भीतर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तनदुनसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 28.10.2024 को जारी की गयी।

जगदीश प्रसाद गौड़ (RAS), सचिव नगर विकास न्यास, सीकर